इंपॉवरिंग प्यूपिल इनोवेशन एवं क्रिएटिविटी (एपिक:ईपीआईसी) : छात्रों में नवाचार एवं रचनात्मकता का सशक्तीकरण कार्यक्रम

सीएसआईआर-आईआईटीआर में, 29 मई, 2017 को विद्यालय के छात्रों के लिए युवा वैज्ञानिक प्रतियोगिता एवं नवोदित अन्वेषक शिविर का आयोजन किया गया, जो एमपावरिंग प्यूपिल इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी (एपिक) कार्यक्रम के अंतर्गत था। यह कार्यक्रम सीएसआईआर के विज्ञान आउटरीच केन्द्रित 'जिज्ञासा' का हिस्सा है जो युवाओं को नवीन वैज्ञानिक विचार प्रक्रिया को विकसित करने की दिशा में प्रेरित करने हेतु आयोजित किया गया था। लखनऊ एवं कानपुर में विभिन्न स्कूलों से चयनित छात्रों ने संरक्षक टीम को अपने नवीन प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जिसमें प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईटीआर, डॉ राज मेहरोत्रा, निदेशक, क्षेत्रीय साइंस सिटी, लखनऊ एवं सीएसआईआर-आईआईटीआर के डॉ मुकुल दास, डॉ के.सी. खुल्बे डॉ आर. पार्थसारथी, डॉ संदीप शर्मा एवं शोध छात्र थे। ये उदयीमान् वैज्ञानिक सीएसआईआर-आईआईटीआर वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के अंतर्गत अपने नवप्रवर्तन को साकार करेंगे। भारत के राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रमों स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया के तहत नवीन तकनीकी समाधान के प्राप्त होने की आशा है।

एपिक का उद्घाटन सत्र : प्रोफेसर आलोक धावन, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईटीआर छात्रों को संबोधित करते हुए।

प्रोफेसर आलोक धावन एपिक कार्यक्रम में वार्तालाप करते हुए।

विचारों का आदान-प्रदान करते हुए छात्रगण।

वैचारिक प्रस्तुतीकरण देते हुए विभिन्न छात्र।

प्रोफेसर आलोक धावन छात्रों के साथ।

सीएसआईआर-आईआईटीआर द्वारा विकसित पेयजल प्रौद्योगिकी से छात्रों को अवगत कराते हुए डॉ आर. पार्थसारथी।